

दूसरे टेस्ट मैच का हिस्सा नहीं है विराट

विराट कोहली चोट के चलते दूसरे टेस्ट मैच का हिस्सा नहीं हैं, लेकिन अच्छी बात ये है कि विराट कोहली ने अभ्यास शुरू कर दिया है और वे साउथ अफ्रीका के खिलाफ आखिरी टेस्ट मैच में टीम इंडिया का हिस्सा होंगे और कप्तानी करते नजर आएंगे। विराट कोहली का ये 99वां टेस्ट मैच होगा, जो उनकी बेटी वामिका के बर्थडे पर शुरू होगा।

## कोहली ने अपनी मां को किया बर्थडे विश, शेयर की ये तस्वीर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत की टेस्ट टीम के कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली मां सरोज कोहली का आज जन्म दिन है। 6 जनवरी को विराट कोहली ने अपनी मां को बर्थडे विश किया है। विराट ने अपने कू अकाउंट पर एक तस्वीर भी शेयर की है, जिसमें वे अपनी मां को पकड़े हुए नजर आ रहे हैं। ये तस्वीर शायद अमृतसर के गोल्डन टेंपल की है, क्योंकि उनके सिर पर एक रुमाल बंधा हुआ है, जो ज्यादातर गुरुद्वारों में बांधा जाता है।

कू पर शेयर की गई इस तस्वीर के कैप्शन में विराट कोहली ने सिर्फ इतना ही लिखा है कि हैप्पी बर्थडे मां...इसके अलावा उन्होंने कुछ भी नहीं लिखा है। ये तस्वीर थोड़ी पुरानी नजर आती है, क्योंकि कोई भी शख्स मास्क पहने नजर नहीं आ रहा है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि ये तस्वीर दो साल से ज्यादा पुरानी है। विराट कोहली की बात करें तो वे इस समय साउथ अफ्रीका में हैं, जहां भारतीय टीम फिलहाल टेस्ट सीरीज खेल रही है।

# अब चौथे और पांचवें दिन जमकर बारिश की संभावना

क्रिकेट

## दूसरे टेस्ट मैच का मुकाबला रोमांचक मोड़ पर है खड़ा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जोहानिसबर्ग। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच दूसरे टेस्ट मैच का चौथा दिन है। मुकाबला रोमांचक मोड़ पर खड़ा है। 240 रन के लक्ष्य के जवाब में साउथ अफ्रीका ने 118 रन बना लिए हैं। अब 122 रन की और दरकार है। दूसरी ओर भारतीय टीम को आठ विकेट और चाहिए। बारिश की वजह से फिलहाल मैच समय पर नहीं शुरु हो सका है। जोहानिसबर्ग में रात में भी हल्की बारिश हुई थी, जैसा की मौसम का पूर्वानुमान था।

**आज बारिश की संभावनाः** शुरुआती तीन दिन शानदार मौसम के बाद अब चौथे और पांचवें दिन जमकर बारिश की संभावना है। शुरुआती एक घंटा जरूर बिना किसी खलल के खेल हो सकता है। मगर उसके बाद दिन भर बारिश की संभावना है। बादल लुका-छिपी करेंगे। चलिए एक नजर आज दिन भर के मौसम पूर्वानुमान पर डालते हैं।





**बारिश से किसे होगा फायदा?:** फिलहाल तो मैच 70 फीसदी साउथ अफ्रीका के पाले में झुका है। वह जीत का प्रबल दावेदार है, लेकिन अगर बारिश होती है तो भी फायदा मेजबानों को ही मिलेगा क्योंकि दिन का खेल शुरू होने से पहले वह पिच पर हेवी रोलर चलवाएंगे जो शुरुआती घंटे के खेल में टर्फ से अतिरिक्त उछाल कम कर देगा।

**भारत के लिए एक्स फैक्टर होंगे अश्विनः** मैच जिस मोड़ पर खड़ा है वहां से साउथ अफ्रीकी टीम फेवरेट नजर आ रही है। कप्तान एल्गर 121 गेंदों का सामना कर 46 रन बना चुके हैं। रासी वान डर डुसां उनका बखूबी साथ निभा रहे हैं। 37 गेंद तो वो भी झेल चुके हैं, लेकिन अश्विन के खिलाफ वह कतई सहज नजर नहीं आ रहे थे। चौथे दिन बल्लेबाजी करना उतना आसान भी नहीं होगा।

मैच शुरू होने से पहले साउथ अफ्रीका हेवी रोलर ले सकता है। ऐसे में शुरुआती एक घंटा दोनों ही टीम के लिए अहम होगा। इस दौरान क्योंकि बल्लेबाजी करना अपेक्षाकृत आसान हो जाती है। ऐसे में भारत को एक छोर से पेसर तो दूसरे एंड से अश्विन के साथ आक्रमण करना होगा।

# रिषभ पंत ने की बेवकूफी उसे बहादुरी नहीं कहेंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। जोहानसबर्ग टेस्ट मैच की दूसरी पारी में भारतीय बल्लेबाज रिषभ पंत जिस तरह का शाट खेलकर आउट हुए उसकी वजह से उनकी काफी आलोचना की जा रही है। रिषभ पंत जिस समय इस तरह की गैरजिम्मेदारी भरा शाट खेलकर आउट हुए उस वक्त टीम इंडिया को रन की जरूरत थी और उनसे टीम को उम्मीद थी। पंत ने रबादा की गेंद पर बड़ा शाट खेलने की कोशिश की और वो अपना कैच विकेट के पीछे थमा बैठे। पंत के इस तरह से आउट होने के बाद टीम इंडिया के पूर्व ओपनर बल्लेबाज गौतम गंभीर ने भी उनकी आलोचना की।

स्टार स्पोर्ट्स पर रिषभ पंत



के शाट के बारे में बात करते हुए गंभीर ने कहा कि उसे आप बेवकूफी कहेंगे बहादुरी नहीं। इस टेस्ट मैच में पुजारा और रहाणे ने भारत की वापसी करवाई थी, लेकिन पंत ने अपना विकेट इस तरह से गंवाकर साउथ अफ्रीका की मैच में वापसी करवा दी। गंभीर ने आगे कहा कि अगर उस शाट पर छक्का भी लग जाता तो उसे आप एक अच्छा शाट नहीं कहते।

टेस्ट क्रिकेट में दवाब से निपटना होता है और आपको पता था कि रबाडा अपना चौथा या पांचवां ओवर ही फेंक रहे थे। पंत जब बल्लेबाजी के लिए आए थे तब रहाणे और पुजारा आउट हो चुके थे और उन पर बड़ा दवाब था, लेकिन खराब शाट खेलने की वजह से महज तीन गेंदों पर ही उन्होंने अपना विकेट शून्य पर गंवा दिया।

गंभीर ने आगे कहा कि रिषभ पंत ने जिस तरह का शाट खेला टेस्ट क्रिकेट में उसे स्वीकार नहीं किया जा सकता है। जाहिर है फील्डिंग साइड और गेंदबाज भी यही चाहते हैं, लेकिन आपको पता होना चाहिए कि आप किस गेंदबाज के खिलाफ मौका ले रहे हैं।

## आईसीसी महिला विश्व कप की भारतीय टीम में जेमिमा, शिखा को जगह नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। स्टार बल्लेबाज जेमिमा रौड्रिगेज को चार मार्च से तीन अप्रैल तक न्यूजीलैंड में होने वाले आईसीसी वनडे विश्व कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय महिला क्रिकेट टीम में जगह नहीं मिली है। मिताली राज टीम की कप्तान होंगी जबकि हरमनप्रीत कौर उपकप्तान रहेंगी। टीम में स्मृति मंधाना, झूलन गोस्वामी और युवा शेफाली वर्मा को भी शामिल किया गया है। जेमिमा और हरफनमौला शिखा पांडे को खराब फॉर्म की वजह से टीम में जगह नहीं मिली है। जेमिमा पिछले साल एक भी अंतरराष्ट्रीय मैच में दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सके। वहीं पांडे ने भी यादगार प्रदर्शन नहीं किया। यही भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ नौ से 24 फरवरी तक सीमित ओवरों की श्रृंखला खेलेगी जिसमें एक टी20 और पांच वनडे मैच खेले जाएंगे। टीम : मिताली राज (कप्तान), हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, यस्तिका भाटिया, दीप्ति शर्मा, रिचा घोष , स्नेह राणा, झूलन गोस्वामी, पूजा वस्त्राकर, मेघना सिंह, रेणुका सिंहठा कुर, तानिया भाटिया, राजेश्वरी गायकवाड़, पूनम यादव।

## न्यूज डायरी



### आस्ट्रेलिया की टीम ने अपनी पहली पारी को किया घोषित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। सिडनी के सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में जारी पांच मैचों की एशेज सीरीज के चौथे मुकाबले में मेजबान आस्ट्रेलिया की टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ अपनी पहली पारी को घोषित कर दिया है। आस्ट्रेलिया की टीम ने पहली पारी में 416 रन बनाए हैं। इंग्लैंड के सात गेंदबाज मिलकर आस्ट्रेलिया के सिर्फ 8 बल्लेबाजों को आउट कर पाए। उसमें से भी पांच विकेट स्टुअर्ट ब्राड ने अपने नाम किए। इस मैच में आस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान पैट कमिंस ने टास जीतकर बल्लेबाजी चुनी और कंगारू टीम ने 134 ओवर खेले और 8 विकेट खोकर 416 रन बनाए। आस्ट्रेलिया के लिए उस्मान ख्वाजा ने शतक ठोका। उन्होंने 260 गेंदों में 13 चौकों की मदद से 137 रन की पारी खेली, जबकि 141 गेंदों में 67 रन स्टीव स्मिथ ने बनाए। आस्ट्रेलिया की टीम की तरफ से 38 रन ओपनर मार्कस हैरिस, 34 रन मिचेल स्टार्क, 30 रन डेविड वार्नर और 28 रन मार्नस लाबुशाने ने बनाए।

### इंग्लैंड की टीम को लगा बड़ा झटका, इस खिलाड़ी को मैदान से जाना पड़ा बाहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पांच मैचों की एशेज सीरीज में इंग्लैंड की टीम पहले ही 0-3 से पिछड़ गई है और सीरीज का चौथा मैच सिडनी में जारी है। एससीजी में जारी एशेज सीरीज के चौथे टेस्ट मैच में भी इंग्लिश टीम की हालत खराब है। आस्ट्रेलिया की टीम ने चौथे टेस्ट मैच की पहली पारी में खबर लिखे जाने तक 400 से ज्यादा रन बना लिए हैं। वहीं, इंग्लैंड की टीम को आलराउंडर बेन स्टोक्स के रूप में झटका लगा है। बेन स्टोक्स चोटिल हो गए हैं और वे दूसरे दिन मैदान से बाहर हो गए। बेन स्टोक्स की कमर में दर्द उठा था, जब वे गेंदबाजी कर रहे थे। इसके बाद उनको मैदान से बाहर जाना पड़ा और उनका ओवर मार्क वुड को पूरा करना पड़ा। प्रदर्शन के कारण परेशानी झेल रही इंग्लैंड की टीम को इस मैच में गेंदबाजी में भी परेशानी हुई। कप्तान जो रूट ने सात गेंदबाजों से गेंदबाजी कराई और खबर लिखे जाने तक 8 ही विकेट टीम को मिले हैं। सिडनी में जारी चौथे टेस्ट मैच में पहले और दूसरे दिन बारिश ने जमकर खेल खराब किया।

### राहुल द्रविड़ ने करवाया विराट कोहली को थ्रो-डाउन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जोहान्सबर्ग। विराट कोहली साउथ अफ्रीका के खिलाफ जोहान्सबर्ग टेस्ट मैच में नहीं खेल रहे हैं। उनकी पीठ के ऊपरी हिस्से में जकड़न हैं। हालांकि उम्मीद की जा रही है कि कोहली सीरीज के तीसरे और आखिरी टेस्ट मैच में फिट हो जाएंगे। इस बीच, इंटरनेट पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें मुख्य कोच राहुल द्रविड़ विराट कोहली को थ्रो डाउन करा रहे हैं। इसके बाद इससे उम्मीद जगी है कि वह केपटाउन में होने वाले तीसरे टेस्ट तक फिट हो जाएंगे। यह वीडियो मैच के तीसरे दिन की शुरुआत से पहले का है। इसके अलावा तीसरे दिन के खेल के बाद चेतेश्वर पुजारा ने भी कहा कि कोहली की फिटनेस में सुधार है। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच जोहानसबर्ग टेस्ट मैच रोमांचक स्थिति में पहुंच गया है। साउथ अफ्रीका के सामने जीत के लिए 240 रन का टारगेट है।

### शार्दुल-बुमराह के अलावा अश्विन को दिखाना होगा कमाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जोहानिसबर्ग। भारत और ऐतिहासिक सीरीज जीत के बीच साउथ अफ्रीका के कप्तान डीन एल्गर मजबूत दीवार बनकर खड़े हैं। साउथ अफ्रीका को जीतने के लिए सिर्फ 122 रन की जरूरत है जबकि भारत को आठ विकेट निकालने होंगे। इस रोमांचक मैच में सिर्फ बुमराह-शार्दुल और शमी ही नहीं बल्कि रविचंद्रन अश्विन पर भी पूरे हिंदुस्तान की निगाहें होंगी। वांडरर्स की पिच पर अबतक स्पिनर्स के लिए कुछ खास नजर नहीं आया है। टर्फ पेसर्स के लिए एकदम माकूल है। जहां पेस है, बाउंस है, बावजूद इसके खेल के तीसरे दिन भारत को जरूरी सफलता शमी-बुमराह और सिराज ने नहीं बल्कि अश्विन ने दिलाई।